प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 92 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 14,जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने मुनाबाव से तनोट राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-70) पर मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने जून 2026 के महीने के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए **राजस्थान एलएसए में मुनाबाव से तनोट राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-70)** पर स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. ये आईडीटी शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के ऑनग्राउंड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं। इस प्रकार के ड्राइव परीक्षण में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है, और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सत्रों की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने , मुनाबाव से तनोट राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-70) सहित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल नेटवर्क कवरेज में विद्यमान कमियों (ब्लैंक स्पॉट्स) की पहचान की एवं इस विषय को ट्राई के संज्ञान में लाया था। तदनुसार, उक्त मार्ग पर मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया गया।

4. ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 3 जून 2026 को **राजस्थान एलएसए में मुनाबाव से तनोट राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-70)** पर 311.4 किमी के टेस्ट ड्राइव आयोजित किए। ये टेस्ट ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

5. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** ड्राइव टेस्ट रुप मैप मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, ड्राइव टेस्ट मार्ग को दर्शाता है:



6. प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:

क) **कवरेज गैप :** नमूनों का प्रतिशत, जिनका सिग्नल स्ट्रेंथ संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल स्ट्रेंथ से कम पाया गया ।

ख) **वॉयस सर्विसेज :** कॉल सैट अप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS).

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टांस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज :** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट.

7. प्रमुख मापदंडों के लिए **मुनाबाव से तनोट राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-70)** पर समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया

क) कवरेज गैप- ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान लिए गए शून्य सिग्नल वाले नमूनों से कुल नमूनों का अनुपात, **Airtel** के लिए 5728/14130, **BSNL** के लिए 8509/10174, **RJIL** के लिए 881/14701 और **VIL** के लिए 9227/11286 रहा। खराब सिग्नल वाले नमूनों से कुल नमूनों का अनुपात, **Airtel** के लिए 5271/14130, **BSNL** के लिए 793/10174, **RJIL** के लिए 4403/14701और **VIL** के लिए 1561/11286 रहा। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स- ड्राप्ड काल्स की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या का अनुपात **Airtel** के लिए 10/48, **BSN**L के लिए 2/6, **RJIL** के लिए 3/76 और **VIL** के लिए 1/8 रहा। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- - 3 सेकंड से ज्यादा के लिए पाई गई साइलेंस इंस्टेंस की संख्या का स्थापित कुल कॉल से अनुपात **Airtel** के लिए 4/32, **BSNL** के लिए 2/7, **RJIL** के लिए 8/68 थे। **VIL** के लिए 4G/5G नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण कॉल साइलेंस दर को दर्ज नहीं किया जा सका। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): Airtel(5G/4G)** के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 42.83 Mbps, **BSNL(4G/3G/2G)** के लिए 3.49 Mbps, **RJIL(5G/4G)** के लिए 55.05 Mbps और **VIL(5G/4G/2G)** के लिए 0.35 Mbps मापी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): Airtel(5G/4G) के लिए औसत अपलोड स्पीड 14.03 Mbps, BSNL(4G/3G/2G) के लिए 2.80Mbps, RJIL(5G/4G) के लिए 7.01Mbps और VIL(5G/4G/2G) के लिए 0.75Mbps मापी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्राप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके संलग्न अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।

8. दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है:

हाइवे रुट- मुनाबाव से तनोट एनएच-70 सुंदरा, म्याजलर, गुंजनगढ़, बंधा, लोंगेवाला और साधवाला आदि के रास्ते से होकर गुजरता है.

9. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यकता के अनुसार (यदि हो) आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया जा चुका है। ड्राइव टेस्ट की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। अतिरिक्त जानकारी के लिए ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर से ईमेल adv.jaipur@trai.gov.in या दूरभाष सं 0141-2701919 पर संपर्क किया जा सकता है।

Digitally signed by
Rajesh Kumar Agerwal
Date: 14-07-2026
12:29:29

(राजेश कुमार अग्रवाल)
सलाहकार, ट्राई
क्षे.का.जयपुर

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

Annexure

Munabao to Tanot National Highway (NH-70)

Coverage Gap – The coverage distribution found less than the minimum specified signal strength for the drive test route in auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) during voice testing, is as below:

Parameter	AIRTEL	BSNL	RJIL	VIL
Total Number of Samples captured on Drive test route	8402	1665	14701	2059
Number of Samples having poor signal strength	5271	793	4403	1561
Number of Samples having limited service (No Coverage)	5728	8509	881	9227
Total Number of Samples captured on Drive test route	14130	10174	15582	11286

Note: Signal strength has been considered poor if it falls below −110 dBm for 5G & 4G, −90 dBm for 3G, and −85 dBm for 2G.

Coverage Gap observed



Note: Plot is based on Dynamic Drive Test results only.

b) Dropped Calls - The TSP-wise details of dropped calls in auto-selection mode (5G/ 4G/ 3G/ 2G) are as below:

Parameter	AIRTEL	BSNL	RJIL	VIL
Number of successful Calls Established	48	6	76	8
Number of dropped Calls	10	2	3	1

Locations of Dropped Calls



Note: Dropped calls locations are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map.

c) Call Silence Instance - The TSP-wise details of Call silence instance in Auto-selection mode (5G/4G) are as below:

Parameter	AIRTEL	BSNL	RJIL	VIL
Call Established (within service provider network)	32	7	68	7
Number of silences calls for >3 Sec	2	1	8	NA*
Total number of silence instances for >3 Sec	4	2	8	NA*

* NA – Not Applicable

Locations of Call Silence Instance



Note: Call silence instances are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map.

d) Data Download and Upload throughput: The TSP-wise details of **Average Download (DL)** and **Upload (UL) throughput** against declared typical DL/UL Throughput for month, in Auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) are as below: -

(i) Download Throughput

Parameter	Measured in	AIRTEL (upto 5G)	BSNL (upto 4G)	RJIL (upto 5G)	VIL (upto 4G)
Typical Download throughput declared by TSP	(Mbits/s)	11.42	5.00	15.00	15.00
Average Download Throughput measured during IDT	(Mbits/s)	42.83	3.49	55.05	0.35



Note: Plot is based on Dynamic Drive Test results only**.**

(ii) Upload Throughput

Parameter	Measured in	AIRTEL (upto 5G)	BSNL (upto 4G)	RJIL (upto 5G)	VIL (upto 4G)
Typical upload throughput declared by TSP	(Mbits/s)	20.28	3.00	7.00	8.00
Average Upload Throughput measured during IDT	(Mbits/s)	14.03	2.80	7.01	0.75



Note: Plot is based on Dynamic Drive Test results only.